मैं तो तेरा ही भजन करू गुरुदेव सांवरिया मेरे

मैं तो तेरा ही भजन करू गुरुदेव सांवरिया मेरे,
गुरुदेव सांवरिया मेरे, घनश्याम सांवरिया मेरे,
मैं तो तेरा ही भजन करू गुरुदेव सांवरिया मेरे....

एक बाग मैंने ऐसा देखा नहीं फूल नहीं पत्ते,
मैने तोड़ अमर फल खाए रे गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मैं तो तेरा ही भजन करू गुरुदेव सांवरिया मेरे.....

एक ताल मैंने ऐसा देखा ना कुआ ना पानी,
मैंने मलमल काया धोई रे गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मैं तो तेरा ही भजन करू गुरुदेव सांवरिया मेरे....

एक महल मैंने ऐसा देखा ना हीं राजा ना हीं रानी,
नंदलाल खेलते देखे रे गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मैं तो तेरा ही भजन करू गुरुदेव सांवरिया मेरे....

एक रसोई मैंने ऐसी देखी ना हीं दाल ना हीं आटा,
मैंने 36 भोग लगाए रे गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मैं तो तेरा ही भजन करू गुरुदेव सांवरिया मेरे....

एक भवन मैंने ऐसा देखा ना हीं ढोलक ना हीं चिमटा,
मैंने भजन कीर्तन गाए रे गुरुदेव सांवरिया मेरे,
मैं तो तेरा ही भजन करू गुरुदेव सांवरिया मेरे....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31910/title/main-to-tera-hee-bhajan-karu-gurudev-sanwariya-mere

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |